E-mail:monusingh10101986@gmail.com
spsmahavidyalaya@gmail.com

मो0: 8795960000
9628170000

# श्री पदुम सिंह महाविद्यालय

खमरामऊ मल्हेरा, सण्डीला, जनपद-हरदोई
सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
कालेज कोड : LU2134

LUCKNOW UNIVERSITY
1 5 MAY 2025
No. 4480

पत्रांक : मेमो:

दिनांक: 01-05-2025

सेवा में,
कुल सचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

विषय : विज्ञापन अपलोड करने के सम्बन्ध में :-

महोदय :
सादर अवगत कराना है कि तीन दिन के पेपर में लोकल प्रकाश कराया जा चुका है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि विज्ञापन अपलोड करने की कृपा करें।

आपकी महान कृपा होगी।

प्राचार्य
श्री पदुम सिंह महाविद्यालय
खमरामऊ, मल्हेरा, सण्डीला (हरदोई)

इंचार्ज (वेबसाइट)
19.5.25

...। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि फायरिंग की रात उसके पैंट ... कई अन्य लोगों
में रखे लगभग 70 हजार रुपए नकद भी गायब हो गए थे। इसके अतिरिक्त, भोर में करीब 3रू30 बजे आरोपी दीपक वर्मा ने धमकी भरा कॉल भी किया। पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी थी। 23 अप्रैल 2025 को उ0नि0 रमेश यादव व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी राम प्रताप दुबे को बजाज चीनी मिल के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसकी पीठ पर लदे बैग से एक अवैध 32 बोर का तमंचा बरामद हुआ, जिसे उसने वारदात में प्रयोग किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अमरेश वर्मा द्वारा उसके भाई को गाली देने से विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद अमरेश वर्मा ने उसे गालिबापुर बुलाया जहां उसका अमरेश के भाई सुरेश वर्मा से झगड़ा हो गया। जवाबी कार्रवाई में राम प्रताप दुबे ने अपने भाई और अन्य साथियों के साथ मिलकर लेखपाल के घर पर हमला किया और तमंचे से फायरिंग की। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वही तमंचा उसके बैग में मिला है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला बढ़ाया है और उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है। बलरामपुर पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किए जाने की उम्मीद है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जनाक्रोश, कैंडल मार्च और पुतला दहन

हरदोई, (यूएनएस)। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में हरदोई में जनता सड़कों पर उतर आई। शहर से लेकर कस्बों तक लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नुमाइश चौराहे पर स्थानीय नागरिकों ने कैंडल मार्च निकाला। इसमें युवा, महिलाएं और सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। सभी ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

माधौगंज कस्बे में बजरंग दल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने मोदी जी से पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के संयोजक संदीप, उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह और नगर प्रतिनिधि सर्वेश राठौर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। एबीवीपी से नगर अध्यक्ष विपिन, माध ावगंज मोहित पाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। शहीद उद्यान में लोगों ने शहीद स्तंभ के पास मोमबत्तियां जलाकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। जनपद के अन्य हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।


## आवश्यकता है

श्री पदुम सिंह महाविद्यालय खमरामऊ मल्हेरा संडीला हरदोई में स्नातकोत्तर संकाय हेतु जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, एवं शिक्षा शास्त्र विषयों के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है वेतनमान यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी प्रकाशन तिथि से दस दिन के अन्दर संपर्क करें।

रमेश कुमार सिंह
प्रबंधक
मोबाइल नम्बर– 8795960000
8795696000


## शराब दुकान में चोरी, शटर तोड़कर 35 हजार नकद और कई बोतलें चुराईं

हरदोई, (यूएनएस)। अतरौली थाना क्षेत्र के घेराव चौराहे पर स्थित एक कंपोजिट शराब की दुकान में चोरी हुई है। चोरों ने रात के समय दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने दुकान से 35 हजार रुपये नकद के साथ बड़ी मात्रा में अंग्रेजी, बीयर और देशी शराब चुरा ली। कंपोजिट फॉर्मेट की इस दुकान में एक ही छत के नीचे तीनों प्रकार की शराब बेची जाती थी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ संडीला सत्येंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र करवाए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बहुत कम होती है। इसी कारण चोर बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं। पुलिस की कई टीमें संदिग्धों की तलाश में लगी हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।